रक्षा कर्मियों को निजी कोठिया का आबंटन

808. **श्री मुनव्वहर हसन**: क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या यह सच है कि मेरठ छावनी में निजी कोठियों को रक्षा मंत्रालय के कर्मियों को आवंटित किया गया था;

(ख) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;और

(ग) क्या यह सच है कि रक्षा कर्मियों की सेवानिवृत्ति के बावजूद उन्होंने उक्त कोठियां उनके स्वामियों अथवा विभाग के सुपुर्द अभी तक नहीं की हैं?

रक्षा मंत्री (श्री जॉर्ज फर्नांडिस): (क) और (ख) जी,हां । इस समय मेरठ छावनी में 12 पुराने बड़े बंगले हैं जो सेना के पास हैं । ये बंगले सेना कार्मिकों/रक्षा सिविल कर्मचारियों को आवास के रूप में आबंटित किए हुए हैं । इस समय इन बंगलों में सेना कार्मिक रह रहे हैं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

असैनिक कार्यो के लिए रक्षा कार्मिकों की तैनाती

809. **श्री गोविन्दराम मिरी** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में कितने रक्षा कार्मिकों को असैनिक कार्यो में लगाया गया हैं;

(ख) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि असैनिक कार्यो के लिए रक्षा कार्मिकों का कम से कम उपयोग हो;

(ग) इस संबंध में सरकार की क्या नीति हैं;और

(घ) इस स्थिति के संबंध में समय-समय पर समीक्षा हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

रक्षा मंत्री (श्री जॉज फर्नांडिस): (क) सिविल प्राधिकारियों की सहायता करने के लिए हमारे 2 लाख सेना कार्मिक प्रति विद्रोही कार्रवाइयों में लगे हुए हैं ।

(ख) और (ग) ऐसे कार्यो पर रक्षा कार्मिकों की तैनाती काफी विचार-विमर्श के पश्चात ही की जाती है इस सबंधं दिशा-निर्देश यह है कि सेना कार्मिकों को विशेष परिस्थितियों में अपवाद स्वरूप तभी तैनात किया जाना चाहिए जब सिविल प्रशासन अपने संसाधनों से स्थिति से निपटने में सक्षम न हो ।

(घ) ऐसे क्षेत्रों में स्थिति की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है तथा जब भी यह महसूस किया जाता है कि अब सेना की आवश्यकता नहीं है और अर्थ सेना बल तथा राज्य पुलिस स्थिति को संभाल सकते हैं तो सेना को हटा लिया जाता हैं ।

Voluntary retirements in Navy

810. SHRI S.M. KRISHNA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item captioned, "Voluntary retirement increasing in Navy Officers see green pastures outside" appearing in the Times of India dated January 12, 1999;

(b) if so, the details of officers who sought voluntary retirement during last three years, year-wise;

(c) whether it is a fact that the Directorate of Ex-Servicemen Association situated at South Block, is instrumental in arranging such green pastures, particularly for the naval officers; and

(d) whether Government would consider shifting the DESK from South Block, to curb such exodus?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) to (d) The news item captioned "Voluntary retirement increasing in Navy Officers see green pastures outside" appeared in the Times of India dated January 1999.

The details of Navy Officers who sought voluntary retirement during the last three years are as follows:—

1996 : 105
1997 : 134
1998 : 192

The requests for premature retirements submitted by Naval officers, duly recommended by the Chief of Naval Staff, are considered by the Government on the basis of the guidelines issued by the Government from time to time. Each case is decided by the Government on its merits. The Directorate of Ex-Servicemen Affairs, Naval Hqrs., has no role to play